14 हल्की बारिश में ही नाली का कचरा सड़क पर फैला...



14 गुरु के सानिध्य में ही मनुष्य को मिलता है...




## नवरात्रि विशेष



### नवमीः सिद्धिदात्री

नवम नवरात्रि को देवी माता के मंडपों में सिद्धिदात्री देवी की आराधना होती है। सिद्धिदात्री मां दुर्गा का नौवां स्वरूप है। माता की यह शक्ति सभी प्रकार की सिद्धियां देने वाली है। मार्कंडेय पुराण के अनुसार अणिमा, महिमा, गरिमा, लांघना, प्राप्ति, प्राकाम्य, ईशित्व और वशित्व यह आठ सिद्धियां है। ब्रह्मवैवर्तपुराण के श्रीकृष्ण जन्म खंड में यह संख्या अठारह बताई गई है। सिद्धिदात्री को ही जगत को चलाने वाली देवी कहा गया है। देवी पुराण के अनुसार महादेव ने इनकी कृपा से ही सिद्धियां प्राप्त की थी। इन्ही के कृपा से सदाशिव का आधा शरीर देवी का हुआ है। यह भी कथा है कि मधु-कैटभ के वध के लिए महादेवी ने महामाया फैलाई और उसके अनेक रुप हो गए। भ्रमित दानवों ने पूछा कि देवी जब तुम अकेली हो तो इतनी सारी शक्तियां कौन है। तब देवी ने कहा कि सब मेरी शक्तियां हैं। मुझसे अलग कुछ नहीं है। इतना कहते देवी ने तमाम शक्तियां समेट ली और केवल सिद्धिदात्री मां ही रह गई। ऐसे ही समुद्र मंथन के समय सिद्धिदात्री देवी ने ही असुओं को भ्रम में डाला था। सिद्धिदात्री मां कमला ही धन-धान्य की प्रतीक हैं। मां सिद्धिदात्री चार भुजाओं वाली है। कमल पुष्प इनका आसन है। देवी के दाहिने तरफ के नीचे वाले हाथ में चंद्र, उपर वाले हाथ में गदा और बांई तरफ के नीचे वाले हाथ में शंख और उपर वाले हाथ में कमल पुष्प है। जगत का कल्याण करने वाली यह देवी नवरात्री की अधिष्ठात्री भी है। सिद्धिदात्री मां के भक्तों की लौकिक-पारलौकिक सभी प्रकार की कामनाएं पूर्ण होती हैं। सिद्धिदात्री माता का आराधना का मंत्र है-
सिद्धगंधर्वयक्षाद्यैरसुरैरमरैरपि।
सेव्यमाना सदा भूयात सिद्धिदा सिद्धिदायिनी।।

### अज्ञात महिला का शव मिला, विवेचना शुरू

**कांकेर**। दुर्गूकोंदल थानांतर्गत कर्रामाड़ में कुसुम पेड़ के पास अज्ञात महिला का शव मिला। पुलिस को जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में रखा। कर्रामाड़ निवासी 26 वर्षीय हरेश कुमार रावटे ने पुलिस को बताया कि अज्ञात महिला जिसकी उम्र लगभग 62 वर्ष का अज्ञात कारणो से मौत हो गया व शव भर्री की ओर कुसुम पेड़ के नीचे पड़ा हुआ है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

**सियासत :** थानेदार ने कहा-जनपद पंचायत में ही स्टाफ को आवेदन दिया है, जांच जारी

# जनपद उपाध्यक्ष ने चुनाव कक्ष में घुसने वाले भाजपाइयों पर कार्रवाई की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा

- एसडीएम ने स्वीकार किया और कहा-रमशीला मंडावी कृषि सभापति बनीं
- एसडीएम के स्वीकार करने के उपरांत एनएच पर चक्काजाम हटा




जनपद पंचायत चारामा में 4 अप्रैल को स्थायी समितियों के चुनाव के दौरान चुनाव कक्ष में भाजपा नेताओं के घुसने के बाद बवाल मच गया।

जनपद पंचायत उपाध्यक्ष ठाकुरराम कश्यप ने भाजपा नेताओं के खिलाफ कार्यवाही की माँग को लेकर थाना प्रभारी को पत्र सौंपा है, वहीं एसडीएम को धरना स्थल पर पहुँचकर यह स्वीकार करना पड़ा कि कृषि सभापति का चुनाव सही हुआ है और रमशीला मंडावी ही कृषि सभापति चुना गया है। इसके बाद विधायक व अन्य कांग्रेसी धरने से उठे। जनपद पंचायत की स्थायी समितियों के चुनाव में आज तक कभी भी विवाद नहीं हुआ है। अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष को लेकर माहौल रहता है, उसके बाद स्थायी समिति के सभापति के चयन को लेकर जनपद स्तर पर तय हो जाता था। इसकी जानकारी तक किसी को पता नहीं चलता था। चारामा में 4 मार्च को कृषि सभापति के लिए वोटिंग होने पर भाजपा समर्थित दो सदस्यों ने क्रास वोटिंग कर दिया और उसका परिणाम रहा कि कांग्रेस की रमशीला को 08, भाजपा की संतोषी को 07 और 02 मत रिजेक्ट हो गए। इसकी खबर मिलते ही भाजपा के तीन से चार पदाधिकारी चुनाव कक्ष में घुस गए और चुनाव प्रकिया को बाधित करने का प्रयास करते हुए पीठासीन अधिकारी को ही नियम बताने लगे।

जनपद सदस्यों ने विरोध किया कि यह चुनाव कक्ष में कैसे आ सकते है। कांग्रेस के जनपद सदस्यों ने भी कांग्रेस नेताओं को खबर किया। कांग्रेस नेता के आने के पहले ही एसडीएम नरेंद्र बंजारा ने यह कहते हुए उठकर चले गए कि आप लोग नियमानुसार चुनाव होने नहीं दे रहे है और यह चुनाव स्थगित किया जाता है। एसडीएम ने इसके बाद मोबाईल बंद कर दिया। कांग्रेसियों ने रजिस्ट्रर की कार्यवाही की फोटोग्राफ लिया और जनपद परिसर में दो घंटे तक प्रदर्शन किया। एसडीएम के नहीं आने पर विधायक एवं कांग्रेसी एनएच पर चक्काजाम कर दिया।

### थाने में कार्रवाई के लिए दिया आवेदन



जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष ठाकुरराम कश्यप ने थाना प्रभारी को आवेदन दिया है जिसमें उल्लेखित है कि चारामा जनपद पंचायत सभाकक्ष में जनपद स्थायी समिति के गठन के लिए बैठक 4 मार्च को कार्यवाही चल रहा था, जिसमें सभाग्रह में रवि सिन्हा, सतकार पटेल एवं अमजद खान भाजपा कार्यकर्ता सहित बाधा उत्पन्न का शासकीय कार्यवाही चुनाव प्रकिया को बाधित किए है। कार्यवाही के लिए आवेदन प्रेषित है। पुलिस इस पत्र पर कोई कार्यवाही नहीं करती है।

### मैने कक्ष में आने वालों को बाहर निकलवाया है : एसडीएम

राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर चक्काजाम पर विधायक एवं कांग्रेसी बैठ गए। एसडीएम के बारे में पहले उनके अधिकारियों ने बताया कि दंतेवाड़ा में वीआईपी ड्यूटी में चले गए है। विधायक ने कहा कि एसडीएम जब तक नहीं आएंगे, तब तक चक्काजाम रहेगा। एक घंटे बाद एसडीएम लाल रंग की चेक शर्ट पहनकर चक्काजाम स्थल पर पहुँचे। उन्होने कहा कि बताओ ठाकुर जी, उनको बताया गया कि विधायक मैडम बैठी है। विधायक ने कहा कि चुनाव क्या हुआ, उन्होने कहा कि रमशील मंडावी चुनाव जीत गई है। उन्होने कहा कि भाजपा के नेता चुनाव कक्ष में घुसकर अधिकारियों को धमकाते है, इस पर एसडीएम ने कहा कि ऐसा नहीं है, मैने कक्ष में घुसने वालों को बाहर निकलवाया हूँ।

### आवेदन मिला है, जाँच जारी है

थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार साहू ने बताया कि जनपद पंचायत में ही मेरे स्टाप को आवेदन दिया गया था। आवेदन के विषय पर उच्च अधिकारियों के संज्ञान में लाया गया है। आवेदन की जाँच के लिए संबंधित स्टाप को निर्देश दिया गया है। बयान लेने के उपरांत ही आगे की कार्यवाही की जाएगी।

## दुर्गाष्टमी पर श्रद्धालुओं ने दी आहुतियां, नवमी को कराया जाएगा कन्या भोज



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं का सुबह से देर रात तक लगा रहा तांता

नवरात्र के आठवें दिन अष्टमी में 5 अप्रैल को देवी मंदिरों में हवन हुआ वहीं जोत का विर्सजन 6 अप्रैल नवमीं को होगा। मंदिरों में हवन कहीं पर सुबह से तो कहीं पर शाम 4 बजे से प्रारंभ हुआ। रामभक्तों ने पुराना बस स्टैंड में लंगर का आयोजन किया वहीं शहर में अष्टमी पर कई जगहों पर पूड़ी खीर का प्रसाद का वितरण किया गया।

देवी मंदिरों में चैत्र नवरात्र पर भक्तों द्वारा ज्योति कलश की स्थापना कर लगातार आठ दिनों तक पूजा अर्चना में जुटे हुए थे और आठवें दिन पूरे विधि विधान पूर्वक हवन पूजन कर माता को अहुति दी गई। चैत्र नवरात्र के महाअष्टमी के अवसर पर सुबह से ही देवी मंदिरों में भक्तों का तांता लगा रहा। कांकेर शहर के शीतला माता मंदिर, सिंहवाहिनी मंदिर व अन्य देवी मंदिरों के अलावा ग्रामीण क्षेत्र में सभी शीतला मंदिरो में सुबह 11 बजें के आसपास ही मुहूर्त देखकर हवन पूजन का कार्य किया गया। कांकेर के शीतलापारा में स्थित शीतला मंदिर में सायं 4 बजे के बाद हवन प्रारंभ हुआ।

हवन पूजन सम्पन्न करा रहे महराज के अनुसार प्रत्येक भक्त अपने लिए नारियल का भेला व पूजन सामग्री लेकर पहुंचे थे। हवन के बाद महाआरती की गई और सभी भक्तों ने आहूति दी। नवमीं में आज 6 अप्रैल को कन्याओं को भोज कराने के उपरांत ज्योति कलशों को निकालकर बाजे गाजे के साथ विसर्जन करवाया जाएगा।

### पुराने बस स्टैंड में किया लंगर

रामनवमीं के एक दिन पहले श्रीरामजी सेना के भक्त 5 अप्रैल को पुराना बस स्टैंड में भंडारे का आयोजन किया था और भंडारे में शहर के लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। पुराने बस स्टैंड के आसपास अन्य समुदाय के द्वारा भी पुड़ी व खीर का प्रसाद का वितरण किया गया।

## चारामा क्षेत्र में बार-बार बिजली बंद होने से ग्रामीण परेशान, गर्मी में बढ़ी मुश्किलें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा



विकासखंड चारामा के कई गांवों में इन दिनों बिजली की लगातार कटौती से ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खासकर ग्राम गिरहोला और चारभाठा में स्थिति ज्यादा खराब है। कभी लाइट पूरी तरह बंद हो जाती है, तो कभी हाफ वोल्टेज की समस्या रहती है, जिससे न तो पंखे चल पाते हैं और न ही घरेलू काम हो पाते हैं।

चारामा और गिरहोला गांव के ग्रामीणों का कहना है कि गर्मी दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है, ऐसे में बिजली की कटौती ने जीवन मुश्किल कर दिया है। छोटे बच्चों और बुजुर्गों को सबसे ज्यादा परेशानी हो रही है। स्कूल से लौटने के बाद बच्चों को गर्मी में आराम तक नहीं मिल पाता। किसानों ने भी बिजली की समस्या को लेकर चिंता जताई है। खेतों में सिंचाई के लिए पंप चलाना मुश्किल हो गया है। कई बार रात में भी बिजली नहीं आती, जिससे फसल को नुकसान हो रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने कई बार बिजली विभाग में शिकायत किया है, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं निकला। ग्रामवासियों ने यह भी बताया कि वे समय पर बिजली बिल का भुगतान करते हैं, फिर भी उन्हें समय पर बिजली नहीं मिलती। विभाग के अधिकारी सिर्फ आश्वासन देते हैं, लेकिन असल में कोई सुधार नहीं हो रहा। खासकर गर्मी के मौसम में बिजली की निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, ताकि ग्रामीणों को राहत मिल सके। ग्रामीणां की मांग है कि बिजली विभाग जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान करे। समाधान नहीं करने पर ग्रामीण सड़क में उतरने को मजबूर होंगे।

ग्रामीणों का कहना है कि सीएसईबी के अधिकारियों को चारामा जाकर कई बार अवगत कराया जा चुका है, केवल जल्द सुधार होने का आश्वासन दिया जाता है। समस्या किस कारण से हो रही है और किस स्तर पर दिक्कत आ रही है, इसकी भी जानकारी अधिकारी नहीं दे पाते है। ग्रामीणों को ऐसा लग रहा है कि अधिकारी जानबूझकर इस तरह का षड़यंत्र रचते रहते है।

### दुर्घटना में युवक की मौत, मर्ग कायम

**कांकेर**। बांदे थानांतर्गत कोरेनवर जाने वाले मार्ग मेन रोड पर 20 फरवरी को शाम साढ़े 6 बजें हुई सड़क दुर्घटना में गोण्डाहूर ▶▶| शेष पेज 12 पर






जिले में मूल्यांकन के लिए बनाए गए 37 केंद्र

## दूसरे ब्लाक के शिक्षक पांचवी-आठवीं की उत्तर पुस्तिकाओं का करेंगे मूल्यांकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



जिले के 37 मूल्यांकन केंद्रों में सोमवार 7 अप्रैल से कक्षा 5 वीं एवं 8 वीं की केंद्रीयकृत बोर्ड परीक्षा के उत्तरपुस्तिकाओं की जांच शुरू होगी, सभी मूल्यांकन केंद्रो पर उत्तर पुस्तिकाएं भिजवाई जा चुकी है। एक विकासखंड की उत्तर पुस्तिकाएं दूसरे विकासखंड में जाँच के लिए भिजवाई गई है। जिले में विकासखंड में जाँच के लिए भेजी जानी वाली उत्तर पुस्तिकाओं के आंकड़ा के हिसाब से कहीं पर 5 और 6 मूल्यांकन केंद्र बनाए गए है।

जानकारी के अनुसार विकासखंड कांकेर में शाउमावि कोदागांव, शाउमावि कन्हारपुरी, शाउमावि गोविंदपुर, शाउमावि कोकपुर, शाउमावि सिंगारभाट, शाउमावि कन्या कांकेर, विकासखंड नरहरपुर में शा. कन्या उमावि नरहरपुर, शाउमावि उमरादाह, शा. बालक उमावि सरोना, शाउमावि दुधावा, शाउमावि देवगांव, सेजस सरोना, विकासखंड चारामा में शाउमावि पण्डरीपानी, शाउमावि गिरहोल, शाउमावि लखनपुरी, सेजस चारामा, शा. कन्या उमावि चारामा, विकासखंड भानुप्रतापपुर में शाउमावि तुड़गे, शाउमावि भानबेड़ा, शाउमावि भानुप्रतापपुर, शाउमावि कोरर, शाउमावि भीरागांव, विकासखंड दुर्गूकोंदल में शाउमावि दुर्गूकोंदल, शाउमावि दमकसा, शाउमावि हाटकोंदल, शाउमावि कोण्डे, शाउमावि लोहत्तर, शाउमावि कोड़ेकुर्सी, विकासखंड अंतागढ़ में सेजस अंतागढ़, सेजस आमाबेड़ा, शाउमावि ताड़ोकी, शाउमावि भैंसासुर और विकासखंड कोयलीबेड़ा में शाउमावि पखांजुर, शाउमावि बड़गांव, शाउमावि गोण्डाहुर, शाउमावि बांदे, शाउमावि कोयलीबेड़ा को मूल्यांकन केंद्र बनाया गया है।

### रोज 40 उत्तर पुस्तिकाएं जाँच के लिए मिलेंगी

एक मूल्यांकनकर्ता यानी शिक्षक को एक दिन में अधिकतम 40 उत्तर पुस्तिकाएं ही मूल्यांकन के लिए देने का निर्देश जारी हुआ है। शिक्षा विभाग की ओर से प्रत्येक विषय के लिए 1-1 शिक्षक को मुख्य (हेड) मूल्यांकनकर्ता नियुक्त किया गया है। उसके द्वारा मूल्यांकन की मानीटरिंग की जाएगी।

### त्रुटि होने पर कार्रवाई करने समिति अधिकृत

कक्षा 5 वीं एवं 8 वीं के मूल्यांकन में हुई त्रुटि के लिए संबंधित शिक्षक की जवाबदेही एवं कार्रवाई निश्चित करने के लिए जिला स्तरीय संचालन समिति अधिकृत रहेगा। मुख्य मूल्यांकनकर्ता अपने अधीन मूल्यांकनकर्ता की 5 प्रतिशत उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन करेंगे।

## खबर संक्षेप

### मरका पंडुल आज से, सीएम होंगे समापन में शामिल



**कांकेर।** मरका पंडुप महापर्व का शुभारंभ 6 अप्रैल को होगा और समापन कार्यक्रम सोमवार 7 अप्रैल को गोंडवाना भवन भीरावाही में होगा, जिसमें प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शामिल होंगे। गोंडवाना समाज समन्वय समिति बस्तर संभाग एवं जिला गोंडवाना समन्वय समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि रविवार 6 अप्रैल को मरका पंडुम का शुभारंभ सुबह 10 बजें बुढ़ा पेन स्थापना कर किया जाएगा। पेन सेवा एवं समापन कार्यक्रम 7 अप्रैल को दोपहर डेढ़ बजें मुख्यमंत्री के आगमन पश्चात किया जाएगा। समापन समारोह में मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, अध्यक्षता अध्यक्ष गोंडवाना सामज समन्वय समिति सुमेर सिंह नाग करेंगे।

### बाईक चालक के खिलाफ मामला दर्ज

**कांकेर।** अंतागढ़ थानांतर्गत नवागांव के पास 15 जनवरी को सुबह 8 बजें आरोपी मोटर सायकल वाहन क्रमांक सजी 19 बीएल 3677 के चालक ने वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चला रहा था, जिससे वाहन अनियंत्रित हो गया व वाहन के पीछे बैठी सुखबती दुग्गा मोटर सायकल से नीचे गिर गई। गिरने से गंभीर चोट आने के कारण उसकी मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 106 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया।

### करप में मानसगान का आयोजन आज

**कांकेर।** करप ग्राम में रामनवमी के अवसर पर आज 6 अप्रेल को दोपहर 3 बजे से 6 बजे तक रामप्रसादी वितरण किया जाएगा और शाम 7 बजे गुरू गीता मानस परिवार जिला धमतरी का रामायण मानसगान होगा । ग्राम समिति के अध्यक्ष थानूराम यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि राम राज्य युवा संघ मारीपारा करप के तत्वाधान में कार्यक्रम आयोजित है। कार्यक्रम को सफल बनाने में थानुराम यादव, कौशल पटेल, विकाश देव दास, व कैलाश देवदास जुटे हुए हैं।

### पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए आवेदन 15 अप्रैल तक

**कोण्डागांव।** छत्तीसगढ़ राज्य के निवासी जो छत्तीसगढ़ राज्य से बाहर अन्य राज्य के शासकीय और अशासकीय महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों, इंजीनियरिंग कॉलेजों, मेडिकल कॉलेजों, नसिंर्ग कॉलेजों, पॉलिटेक्निक एवं आई.टी.आई. आदि में अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों के लिए 2024–25 सत्र में ऑनलाइन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के आवेदन आमंत्रित की गई है। यह छात्रवृत्ति कक्षा 12वीं से उच्चतर के लिए उपलब्ध है। इच्छुक विद्यार्थी 03 अप्रैल से 15 अप्रैल 2025 तक ऑनलाइन पंजीयन करा सकते हैं।सेक्शन ऑर्डर लॉक करने की अंतिम तिथि 21 – सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने जानकारी देते हुए बताया कि ऑनलाइन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के पंजीयन, स्वीकृति और वितरण की प्रक्रिया वेबसाइट पर की जा रही है।

## पेज 11 के शेष

### दुर्घटना में युवक...

निवासी 20 वर्षीय अनुप सरकार का मौत हो गया। थाना पखांजुर में शून्य पर मर्ग कायम कर मर्ग डायरी बांदे थाना पेश करने पर असल नंबरी मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

# यहां कभी गोलियों की गूंज थी, अब मशीनों की आवाज आती है: गृहमंत्री शाह

अविनाश गोस्वामी ▶▶| दंतेवाड़ा

दंतेवाड़ा में आयोजित बस्तर पंडुम में अमित शाह ने कहा कि इस साल 'बस्तर पंडुम' बस्तर के उत्सव के रूप में मनाया गया है, लेकिन मैं मोदी जी का संदेश लेकर आया हूं। अगले साल बस्तर पंडुम– यही नाम के साथ देश के हर आदिवासी जिले से कलाकारों को हम यहां लाएंगे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आदिवासियों के लिए बेहतर काम किया है। उनका यह प्रयास सराहनीय है। हम बस्तर पंडुम को अंतरराष्ट्रीय दर्जा देने दुनियाभर के राजदूत को बस्तर लाएंगे।

देश को आजाद हुए 75 साल हो गए थे, कोई आदिवासी देश का राष्ट्रपति नहीं बना था। नरेंद्र मोदी ने ओडिशा की गरीब आदिवासी बेटी द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति बनाने का काम किया। अगली बार जब बस्तर पंडुम मनाया जाएगा, मैं और विष्णुदेव साय विनती करना चाहता हूं कि राष्ट्रपति आएं और शोभा बढ़ाएं। बस्तर पंडुम में हम सब शामिल हो रहे हैं। यह नई शुरुआत है। हमारे मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री ने बहुत परिश्रम कर विकास लाने का प्रयास किया है। यहां कभी गोलियों की गूंज थी, अब मशीनों की आवाज आती है। केंद्रीय गृहमंत्री शाह ने कहा कि विकास का मतलब है सुकमा का कोई सब इंस्पेक्टर बन जाए, बस्तर से बैरिस्टर बने, दंतेवाड़ा से डाक्टर बने, कांकेर से कलेक्टर बने। ऐसे बस्तर का हमें विकास करना है, निर्माण करना है। सपने सच होते हैं, इसी जीवन में होते हैं, अगर हम इसके लिए निष्ठापूर्वक काम करते हैं।

### बस्तर भय का नहीं भविष्य का पर्याय

शाह ने कहा कि बस्तर अब भय का नहीं भविष्य का पर्याय बनेगा। मैं पहले भी आया था, सभाएं करने के लिए, लेकिन रोक लिया जाता था। मुख्यमंत्री कहते थे आप मत जाइए... आज धड़ल्ले के साथ 50 हजार आदिवासियों के सामने राम नवमीं और अष्टमी का उत्सव मना रहे हैं। बस्तर पंडुम में हम सब शामिल हो रहे हैं। यह शुरुआत हुई है यह हमारे मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री ने बहुत परिश्रम कर विकास लाने का प्रयास किया है। यहां कभी गोलियों की गूंज थी, वहां मशीनों की आवाज आती है।

## बस्तर पंडुम को अंतरराष्ट्रीय दर्जा देने दुनियाभर के राजदूत को बस्तर लाएंगे

### पहली बार इतना बड़ा सास्कृतिक आयोजन

अमित शाह ने कहा कि 12 मार्च से लेकर आज तक जिला प्रशासन और संस्कृति विभाग ने पांच करोड़ का आवंटन किया है, जो सबसे पहला इतना बड़ा संस्कृतिक आयोजन है। स्थानीय कला और संस्कृति, पारंपरिक लोक कलाएं, शिल्प, तीज-त्योहार, खान-पान, बोली-भाषा, रीति-रिवाज, वेशभूषा, आभूषण, वाद्य यंत्र, पारंपरिक गीत-संगीत, व्यंजन, पेय पदार्थ-इन सभी को मूल रूप में संवर्धित और संरक्षित करने का काम यह पंडुम करेगा। बता दें कि यह इस पूरे आयोजन की रूपरेखा दंतेवाड़ा कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने तैयार की थी, जिसे मुख्यमंत्री और अफसरों ने काफी सराहा था।



### विकास की प्रक्रिया में भागीदारी बनिए

गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि ये जो दुष्प्रचार करते हैं कि हमारे युवाओं को मारते हैं। किसी को कोई मारना नहीं चाहता। कितने भी काम किए हो हथियार डाल दो, मुख्य धारा में आ जाओ. आपका पूरा संरक्षण भारत सरकार और छत्तीसगढ़ सरकार करेगी. लेकिन अब आप हथियार उठाकर, पूरे बस्तर को बैन कर आदिवासियों का विकास नहीं रोक सकते। हथियार डालकर शरण में आ जाइए... आप भी विकास की प्रक्रिया में भागीदार बनिए।

### तेंदूपत्ता के लिए मिलेगा अब 5500 रुपये

अमित शाह ने कहा कि इस बार बस्तर पंडुम 7 श्रेणियों में मनाया गया है। अगली बार 12 श्रेणियों में मनाएंगे और देशभर के आदिवासी यहां पर आएंगे। आयोजन में शामिल सभी लोगों को बधाई देना चाहता हूं। प्रदेश के पहले आदिवासी मुख्यमंत्री के तौर पर विष्णुदेव साय को मंच पर आमंत्रित करते हुए कहा कि तेंदूपत्ता अब 5500 रुपये पर अब सीधे सरकार खरीदेगी। कोई दलाल के पास आपको नहीं जाना पड़ेगा। जो लाल आतंक फैलाने वालों के डर से वो ले जाते थे, विष्णुदेव सीधे आपके बैंक अकाउंट में डालने का काम करेंगे।

## बैठक : तैयारियों की समीक्षा कर दिए आवश्यक निर्देश

# राजस्व पखवाड़ा व सुशासन तिहार पर एसडीएम ने ली बैठक

बैठक में विभागीय अधिकारी-कर्मचारीयों को राजस्व कार्यों में पारदर्शिता बनाए रखने पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

राज्य शासन के निर्देशानुसार राजस्व पखवाड़ा एवं सुशासन तिहार-2025 को लेकर फरसगांव अनुविभाग के समस्त मैदानी विभागीय अधिकारी-कर्मचारियों को 05 अप्रैल शनिवार को जनपद पंचायत के सभा कक्ष में फरसगांव अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अश्वन कुमार पुसाम के द्वारा अनुभाग स्तरीय बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

बैठक के दौरान फरसगांव एसडीएम अश्वन कुमार पुसाम ने अधिकारियों को राजस्व कार्यों में पारदर्शिता बनाए रखने और प्रक्रियाओं को गति देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आम जनता को त्वरित और सुचारू सेवाएं प्रदान करने के लिए सभी कार्यों का समयबद्ध निपटारा आवश्यक है, साथ ही, उन्होंने आधुनिक तकनीकों का उपयोग कर राजस्व मामलों को सरल और प्रभावी बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने सीमांकन कार्यों में तेजी लाने, नक्शा बटांकन में सटीकता सुनिश्चित करने और अभिलेखों की त्रुटिरहित प्रविष्टि करने के निर्देश दिए। किसानों की रजिस्ट्रियों को समय पर पूर्ण करने पर भी विशेष जोर दिया गया। उन्होंने बताया कि जिला कलेक्टर के मार्गदर्शन में जिले में राजस्व पखवाड़ा तीन चरणों में आयोजित किया जाएगा जिसमें पहला चरण 07 से 21 अप्रैल तक, दूसरा चरण 13 से 27 मई तक और तीसरा चरण 16 से 30 जून तक चलेगा। अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे राजस्व पखवाड़ा के तहत लंबित मामलों का शीघ्र निपटान सुनिश्चित करें।





### सुशासन तिहार 2025

राज्य में सरकार द्वारा सुशासन तिहार 2025 मनाया जाएगा। यह आयोजन तीन चरणों में होगा। पहले चरण में 8 से 11 अप्रैल तक लोगों से आवेदन लिए जाएंगे। दूसरे चरण में लगभग एक माह के भीतर प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जाएगा। तीसरे एवं अंतिम चरण में 5 मई से 31 मई के बीच समाधान शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इस तिहार को सुव्यवस्थित और प्रभावी बनाने के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए जा रहे हैं एवं एक पोर्टल बनाया जा रहा है।

### बैठक में ये रहे उपस्थित

बैठक के दौरान फरसगांव नायब तहसीलदार निधि नेताम, नगर पंचायत सीएमओ , राजस्व निरीक्षक गुमान सिंह दीवान ,समस्त हल्का पटवारी वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी शेषमणि पांडे, समस्त ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, समस्त रोजगार सहायक ,समस्त पशु चिकित्सा क्षेत्रीय अधिकारी, महिला बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग के बीआरसी अशोक मरकाम व ब्लॉक स्तरीय अधिकारी कर्मचारी सहित समस्त विभागीय अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# रामनवमी की रैली को देखते हुए संगठन प्रमुखों की बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

श्रीरामनवमी के अवसर पर रविवार को निकलने वाली शोभायात्रा व रैली को देखते हुए पुलिस द्वारा सभी हिन्दू संगठन प्रमुखों की बैठक लेकर आवश्यक निर्देश दिया गया। विशेषकर डीजे में ध्वनि सीमा, तलवार रखने के संबंध में व महिला सुरक्षा के संबंध में की चर्चा कर आवश्कक निर्देश दिया गया।

- डीजे की ध्वनि सीमा, तलवार रखने और महिला सुरक्षा पर की चर्चा

जानकारी के मुताबिक रविवार को होने वाली रामनवमी रेली के मद्देनजर सीएसपी द्वारा बैठक ली गई जिसमें बजरंग दल, विश्व हिंदू परिषद, सक्षम एवं अन्य समाज के प्रतिनिधि शमिल हुए। एसपी शलभ कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन में आगामी रामनवमी के अवसर पर निकलने वाली शोभायात्रा व रैली शांतिपूर्ण एवं सौहार्द्र पूर्ण मनाए जाने के उद्देश्य से हिन्दू संगठनों को समझाइश दी गई। यह बैठक एएसपी माहेश्वर नाग के पर्यवेक्षण में सभी संगठनो की बैठक सीएसपी द्वारा थाना प्रभारी कोतवाली शिवानंद सिंह की उपस्थिति में शाति समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमे जगदलपुर शहर के बजरंग दल, विश्व हिंदू परिषद, सक्षम एवं अन्य संघठन के लगभग 30 सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में रैली व शोभायात्रा के दौरान डीजे में ध्वनि सीमा, तलवार रखने के संबंध में, महिला सुरक्षा के संबंध में, यातायात के संबंध में, रोड व्यवस्था के संबंध में चर्चा की गई तथा इस दोरान डीजे में फूहड़ गाने का उपयोग नहीं करने के संबंध में तथा असामाजिक तत्व के संबंध में सतर्क रहने हिदायत दिया गया।

# श्रमिकों के पंजीयन के लिए लगाए जा रहे मोबाइल कैम्प

पंजीयन एवं नवीनीकरण के लिए आवश्यक मूल दस्तावेज लाना अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जिले के विभिन्न विकासखण्डों में श्रम विभाग के द्वारा मोबाइल कैम्प लगाकर श्रमिकों का पंजीयन, नवीनीकरण एवं योजनाओं का आवेदन प्राप्त कर निराकरण किया जाएगा। पंजीयन एवं नवीनीकरण के लिए आवश्यक मूल दस्तावेज आधारकार्ड परिवार के सभी सदस्यों का, राशन कार्ड, बैंकपासबुक, मोबाईल साथ लायेंगे एवं असंगठित कर्मकार के पंजीयन हेतु आय प्रमाण पत्र लाना अनिवार्य है।

श्रम पदाधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार श्रमिक पंजीयन के लिए मोबाईल कैम्प का आयोजन कोण्डागांव विकासखण्ड में 07 अप्रैल 2025 को ग्राम ईदागांव, लेमड़ी और केवटी में, फरसगांव विकासखण्ड अंतर्गत कुल्हाड़गांव, केशकाल विकासखण्ड जागगांव, बड़ेराजपुर विकासखण्ड अंतर्गत चिचाड़ी में, 15 अप्रैल 2025 को माकड़ी विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम उलेरा, कोसाहरदुली, कोण्डागांव विकासखण्ड के ग्राम चिचपोलंग, फरसगांव विकासखण्ड के ग्राम जैतपुरी, केशकाल विकासखण्ड के ग्राम अडेंगा, बड़ेराजपुर विकासखण्ड के ग्राम पलना में किया जाएगा।

### 21 अप्रैल को ग्राम किबईबालेंगा में लगेगा शिविर

*इसी प्रकार 21 अप्रैल 2025 को कोण्डागांव विकासखण्ड के ग्राम किबईबालेंगा, बनजुगानी, पलारी, फरसगांव विकासखण्ड के ग्राम सिरसीकलार, केशकाल विकासखण्ड के ग्राम ठाकुरपारा, बड़ेराजपुर विकासखण्ड के ग्राम मारंगपुरी में तथा 28 अप्रैल 2025 को माकड़ी विकासखण्ड के ग्राम उडेंगा, जड़कोंगा, कोण्डागांव विकासखण्ड के ग्राम बुनागांव, फरसगांव विकासखण्ड के ग्राम गदराबेड़ा, केशकाल विकासखण्ड के ग्राम प्रधानचर्रा, बड़ेराजपुर विकासखण्ड के ग्राम खजरावण्ड में शिविर का आयोजन किया जाएगा।*

# प्रयास आवासीय विद्यालय में कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए प्राक्चयन परीक्षा 20 को

फोटोयुक्त मूल आईडी प्रूफपरीक्षा केन्द्र में लाना होगा अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजनांतर्गत प्रदेश के आदिवासी उपयोजना क्षेत्र तथा नक्सल प्रभावित क्षेत्रें के विद्यार्थियों के लिए प्रयास बालक व कन्या आवासीय विद्यालयों में सत्र 2025–26 की कक्षा 09वीं में प्रवेश हेतु 20 अप्रैल को आयोजित प्राक्चयन परीक्षा के लिए प्रवेश जारी कर दी गई है।

विद्यार्थी विभाग की वेबसाइट पर जाकर अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। उक्त परीक्षा 20 अप्रैल 2025 दिन रविवार को प्रातः 10 बजे से प्रारंभ होगी, वहीं परीक्षर्थी को परीक्षा के एक घंटे पूर्व प्रातः 9 बजे उपस्थिति देनी होगी। आदिवासी विकास विभाग द्वारा परीक्षार्थियों को निर्देशित किया गया है कि वे सम्पूर्ण प्रवेश पत्र पूर्णतः डाउनलोड करें और नवीनतम रंगीन पासपोर्ट आकार के दो फोटो सहित प्रिंट आउट लेकर परीक्षा केन्द्र में जायें। परीक्षार्थियों को डाकघर के माध्यम से प्रवेश पत्र नहीं भेजा जाएगा। परीक्षार्थी परीक्षा दिवस से एक दिन पूर्व ही अपने परीक्षा केन्द्र की भौगोलिक स्थिति से भलीभांति परिचित हो जावें। परीक्षा प्रारंभ होने के पश्चात किसी को भी परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। परीक्षार्थियों को अपना फोटोयुक्त मूल आईडी प्रूफ जैसे आधार कार्ड, विद्यालय का फोटोयुक्त परिचय पत्र इत्यादि परीक्षा दिवस मे परीक्षा केन्द्र में लाना अनिवार्य होगा। मूल पहचान पत्र के अभाव में परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

### इलेक्टॉनिक्स सामग्री ले जाया जाना पूर्णतः वर्जित

*परीक्षार्थियों केवल नीले या काले बॉलपाईट पेन का उपयोग करेंगे। परीक्षार्थियों को कैलकुलेटर, मोबाईल फोन, पर्स, पाउच, स्कार्फ अथवा इलेक्टॉनिक्स सामग्री ले जाया जाना पूर्णतः वर्जित है। किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा केन्द्र अथवा प्रवेश पत्र डाउनलोड के संबंध में कठिनाई होती हैं तो संबंधित जिले के कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास, कलेक्ट्रेट से प्रातः 10 बजे से सायं 05.30 बजे तक संपर्क कर सकते हैं।*

# लोहा के टावर दिन दहाड़े किया चोरी चोरों करने वाले का नाम किया उजागर

**कांकेर।** चारामा थानांतर्गत ग्राम आंवरी में घर के छत में रखे 50 किलो के लोहा का टावर चोरी होने का मामला सामने आया है। चोरी की शिकायत चारामा थाना में किया गया। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्यवाही में जुट गई। थाना में शिकायत करने पहुंचे आंवरी निवासी 58 वर्षीय जगमोहन ग्रेवाल पिता साधु राम ग्रेवाल ने पुलिस को बताया कि 31 मार्च को घर में ताला लगाकर दोपहर 2 बजे धमतरी गया था। धमतरी से काम खत्म करके शाम करीबन 7 बजे घर वापिस आया, तभी मेरे जिवराखन ने मुझे बताया कि दोपहर करीबन साढ़े 3 बजें जब मैं खेत से वापिस आ रहा था तो देखा आपके घर के बाहर बना छत सीडी से शिवकुमार भारती लोहे का बना टावर को कंधा में उठाकर ले जा रहा था। छत में जाकर देखा तो छत में रखा लोहे का बना टावर वहां पर नहीं था। तब मैं और सोहन उसके घर में जाकर पता किया तो शिव कुमार घर पर नहीं था। मेरे मकान छत के ऊपर लोहे का बना टावर लगभग 50 किलो कीमत 4 हजार 500 रूपएं को शिव कुमार चोरी कर ले गया है।

## दैनिक वेतनभोगी श्रमिकों एवं कर्मचारियों के लिए मासिक एवं न्यूनतम दैनिक वेतन निर्धारित

**कोण्डागांव।** श्रमायुक्त छत्तीसगढ़ द्वारा न्यूनतम वेतन अधिनियम, 1948 के अंतर्गत अधिसूचित नियोजनों, शासकीय दैनिक वेतन भोगी श्रमिकों एवं कर्मचारियों तथा कृषि श्रमिकों हेतु सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ के लिए न्यूनतम वेतन की दरें निर्धारित की गई है, जिसमें कोण्डागांव जिले को जोन' 'स'' में रखा गया है। यह निर्धारित दरें 1 अप्रैल 2025 से 30 सितम्बर 2025 तक देय होगा। श्रम पदाधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार कृषि श्रमिकों में अकुशल कृषि श्रमिक वर्ग के लिए मासिक 09 हजार 180 रूपए तथा 306 रूपए दैनिक न्यूनतम वेतन नियत है। अनुसूचित नियोजनों के लिए अकुशल श्रेणी में मासिक 10 हजार 656 रूपए तथा 410 रूपए दैनिक न्यूनतम वेतन नियत है।







# रामनवमी पर निकलेगी भव्य-दिव्य शोभायात्रा गूंजेगा जय श्री राम का जयकारा

## नागपुर से शिव गर्जना दल के 60 कलाकारों का नृत्य भाव भंगिमा रहेगा आकर्षक का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



विक्रम संवत 2082 चैत्र शुक्ल नवमी (श्री राम नवमी) तिथि रविवार 6 अप्रैल को विश्व हिंदू परिषद,बजरंग दल समेत सनातनी हिंदुओ के नेतृत्व में शहर में भव्य-दिव्य शोभायात्रा निकलेगी। शोभायात्रा में नागपुर से पहुंचे 60 दलो का शिव गर्जना दल आकर्षक का केंद्र रहेगा। उक्त जानकारी विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष शंकर गुप्ता शनिवार को

- अंचल के समस्त सनातनियों को पूरे परिवार के साथ शोभायात्रा में सम्मलित होने का आव्हान

सीताराम शिवालय में आयोजित प्रेसवार्ता में दी। गुप्ता ने बताया शोभायात्रा में अलग विशेष श्री राम झांकी भी सम्मलित होगा। शोभायात्रा माँ दंतेश्वरी मंदिर से प्रारम्भ होकर

इस वर्ष शोभायात्रा में 360 घर अरण्यक ब्राह्मण समाज एवं बस्तर क्षत्रिय राजपूत धाकड़ समाज की शोभायात्रा सम्मलित होंगे। शोभायात्रा माँ दंतेष्वरी मंदिर के सिंहदयोढ़ी से प्रारम्भ होकर पैलेस रोड,हनुमान मंदिर चौक, कृष्णा पेट्रोल पंप चौक, कलेक्टरेट रोड,चांदनी चौक, शहीद पार्क, स्टेट बैंक चौक, मेंन रोड होते हुए जयस्तम्भ चोक गोल बाजार,भगवान जगन्नाथ मंदिर से होते हुए वापस दंतेश्वरी मंदिर में महाआरती व प्रसाद वितरण के पश्चात सम्पन्न होगा। विहिप जिलाध्यक्ष शंकर गुप्ता ने बताया चैत्र नवरात्र प्रतिपदा दे अष्ठमी तिथि तक विहिप,बजरंग दल,दुर्गावाहिनी के द्वारा स्कूटी रैली,बाइक रैली,चुनरी यात्रा शहर समेत ग्रामीण क्षेत्र के समस्त 7 प्रखंडों में जनजागरण आमंत्रण रैली के माध्यम से 6 अप्रैल को जगदलपुर में श्री राम नवमी पर्व पर भव्य शोभायात्रा में सम्मलित होने आमंत्रण दिया गया। खासकर गांव देहात में निवासरत सनातनियो को साथ को जोड़ा जाएगा। विहिप के द्वारा समूचे शहर व गांव-गांव में भगवान श्री राम के भक्ति वातावरण निर्मित करने के लिए सभी प्रखंड में केशरिया ध्वज लगाया गया।उन्होंने श्री राम नवमी धार्मिक आयोजन में बस्तर जिले के सभी सनातनियो से अधिक से अधिक संख्या में सम्मलित होने का आग्रह किया है। प्रेसवार्ता में नगर मंत्री अमन शर्मा,नवीन देवांगन,नगर प्रमुख पवन राजपूत,उमा गुप्ता,अनिल अग्रवाल,सुरेंद्र तिवारी व जबिता मंडावी सम्मलित थे।

### सभी के सहयोग से शोभायात्रा

विहीप के प्रांत विभाग प्रमुख रवि ब्रम्हचारी ने बताया श्री राम नवमी शोभायात्रा सभी के सहयोग हर वर्ष बड़े उत्साह के साथ किया जाता है। बस्तर जिला मुख्यालय में निकलने वाला शोभायात्रा विशेष होता है। शोभायात्रा के साथ अलग अलग झांकी सम्मलित होगा। योगेन्द्र कोशिक ने कहा हर वर्ष प्रभु श्री राम नवमी का इंतजार रहता है। सभी राम भक्त इस पावन दिन के प्रतीक्षा में रहते है। उन्होंने समस्त सनातनी हिंदुओ को अपने अपने घर मे श्री राम ध्वज लगाने,घर के आंगन में रंगोली सजाने और 5 द्वीप प्रजवलित करने का आव्हान किया है। साथ समस्त सनातनी हिंदुओ को घर मे ताला लगाकर शोभायात्रा में सम्मलित होने का आग्रह किया है।

## शहर में निकली शोभायात्रा...



जगदलपुर। शहर में शनिवार को रामनवमी पर कान्य कुब्ज वैश्य (भुंजवा) समाज की ओर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इसमें महिलाएं, युवा एवं बच्चे डीजे के साथ नृत्य करते हुए दिखे।

## सांसद ने जाना घायलों का हाल



**जगदलपुर।** बस्तर पंडुम कार्यक्रम में जा रहे कार्यकर्ताओं से भरी वाहन पालनार में पलट गई थी, जिसके चलते कई लोगो को चोट पहुँची थी। इस घटना में घायल लोगो से दन्तेवाड़ा जिला अस्पताल व मेडिकल कॉलेज डिमरापाल अस्पताल पहुँचकर सांसद महेश कश्यप ने उनका कुशलक्षेम जाना है। साथ ही डॉक्टरों को बेहतर ईलाज हेतु निर्देशित भी किया है।

# विधायक विनायक के समक्ष ली भाजपा की सदस्यता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर




भारतीय जनता पार्टी के रीति नीति से प्रभावित होकर ग्राम पंचायत कुरेंगा विकासखंड तोकापाल के जनपद सदस्य शांति नाग के नेतृत्व में चित्रकोट विधायक के कार्यालय धर्माउर में विधायक विनायक गोयल की उपस्थिति में बोलो मौर्य, कमलू मौर्य, तुलसी मौर्य ने भारतीय जनता पार्टी का सदस्या ग्रहण किया। भारतीय जनता पार्टी की रीति-नीति से प्रेरित होकर ग्राम पंचायत कुरेंगा, विकासखंड तोकापाल की जनपद सदस्य शांति नाग के नेतृत्व में विधायक विनायक गोयल के कार्यालय धर्माऊर में भाजपा की सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर बोलो मौर्य, कमलू मौर्य, तुलसी मौर्य सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की और पार्टी की विचारधारा एवं योजनाओं को स्वीकार करते हुए भाजपा के साथ अपने भविष्य को जोड़ने का संकल्प लिया। सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम में शांति नाग ने भाजपा की नीतियों और जनहितकारी योजनाओं की चर्चा करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी समाज के प्रत्येक वर्ग के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। भाजपा की सरकार ने हमेशा गरीब, किसान, महिलाओं और युवाओं के लिए योजनाओं का संचालन किया है, जो समाज में सकारात्मक बदलाव ला रही हैं।

## दंतेश्वरी एयरपोर्ट पर केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह का आत्मीय स्वागत...



**जगदलपुर।** केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह बीएसएफ के एयरक्राफ्ट से दंतेश्वरी एयरपोर्ट पहुंचे, जहां भाजपा नेताओं समेत कलेक्टर, एसपी ने पुष्प देकर आत्मीय स्वागत किया। स्वागत के उपरांत वे हेलीकाप्टर से दंतेवाड़ा रवाना हो गए। एयरपोर्ट पर तगड़ी सुरक्षा होने के कारण गिनती के भाजपा नेताओं को ही प्रवेश दिया गया। इसलिए कई नेता मायूस नजर आए। वे एयरपोर्ट के बाहर पहुंचे थे लेकिन लिस्ट में नाम नहीं होने के कारण कई नेताओं को प्रवेश नहीं मिल सका।



## खबर संक्षेप



### पैराडाइज स्कूल में काव्य पाठ का किया आयोजन

**कांकेर।** पैराडाइज हायर सेकेण्डरी स्कूल में मिडिल कक्षा के छात्र-छात्राओं के लिए हिन्दी भाषा में ज्ञान अभिवृद्धि करने के लिए एवं कविता को लय एवं हाव-भाव से बोलने तथा हिन्दी भाषा के शब्द भण्डार में अभिवृद्धि करने के लिए हिन्दी कविता वाचन का आयोजन किया गया, जिसमें अधिक से अधिक संख्या में छात्र-छात्रों ने हिस्सा लिया। आयोजन करने का मुख्य उद्देश्य बच्चें अपनी बातों को सभी के कविता के माध्यम से, आत्मविश्वास के साथ कहने एवं साहित्य कला के प्रति लगाव बढ़ाने के लिए संपन्न किया गया। प्राचार्य रश्मि रजक एवं उप प्राचार्य हरिन्द्र गोलुगुरी, वरिष्ठ शिक्षक प्रीति झा आदि सभी शिक्षकों का योगदान रहा।

### गोटूलमुंडा में एक दिनी देव मेला कल

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल के ग्राम पंचायत सिवनी के आश्रित ग्राम गोटुलमुंडा दमकसा का एक दिवसीय वार्षिक देव मेला मड़ई 7 अप्रैल सोमवार को आयोजित किया जाएगा। ग्राम गायता राजेंद्र पुड़ो, ग्राम पटेल मुकेश पुड़ो, शीतला पुजारी बृजलाल पुड़ो, सिवनी उप सरपंच धनीराम पदद्दा एवं बल्दुराम दर्रो ने बताया कि मेला मड़ई में आसपास के देवी देवता डांग, डोली गायता, पटेल व कोटवार शामिल होंगे।

## सियासत : भाजपा झंडे के साथ सभी गली से निकलेगी यात्रा

# भाजपा के स्थापना दिवस पर झंडा फहराकर पोस्ट करेंगे सेल्फी, कार्यकर्ताओं को 8 घंटे देना होगा समय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

भारतीय जनता पार्टी अपने स्थापना दिवस को खास बनाने की तैयारियों में जुट गई है। आगामी 06 अप्रैल को स्थापना दिवस एवं 14 अप्रैल को डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती मनाई जाना है। इसके बीच भाजपा कार्यकर्ता अलग-अलग दिन विभिन्न टॉस्क के जरिए इस स्थापना दिवस को विशेष बनाएंगे।

जिला भाजपा अध्यक्ष महेश जैन के अनुसार स्थापना दिवस को लेकर प्रदेश संगठन से भी पूरी गाईड लाइन जिलों को जारी की जा चुकी है। इसमें पहले दिन से लेकर अंतिम दिन तक हर दिन की गतिविधियों का ब्यौरा शामिल है। कार्यकर्ता से लेकर जनप्रतिनिधियों की सहभागिता को लेकर भी दिशा-निर्देश दिए गए हैं। बताया गया कि पहले दिन छह अप्रैल को सभी भाजपा कार्यालयों एवं पार्टी कार्यकर्ता अपने घरों में झंडा फहराएंगे और उसकी सेल्फी भाजपा विकसित भारत के हेशटैग पोस्ट करेंगे।




### गांव बस्ती चलो अभियान

*जानकारी के अनुसार 6 एवं 7 अप्रैल को बूथ स्तर पर आयोजन के बाद 8 एवं 9 अप्रैल को विधानसना स्तर पर स्थापना दिवस को लेकर कार्यक्रम आयोजन किए जाएंगे। इसमें सक्रिय सदस्यों का सम्मेलन आयोजित किया जाएगा, जिसमें तीन वक्ता तीन विषय रखेंगे। सभी मंडल या विधानसमा में इस आयोजन को लेकर प्रभारी भी नियुक्त किए जाएंगे। इसके अलावा 7 से 12 अप्रैल के बीच जनप्रतिधियों द्वारा गांव-बस्ती चलो अभियान के तहत लोगों के बीच पहुंचेगे।*

इसके अलावा सभी स्तर पूर भाजपा कार्यालय की सजावट के साथ ही मिठाई बांटने का काम किया जाएगा। 6 एवं 7 अप्रैल को बूथ स्तर पर प्राथमिक सदस्य एकत्र होकर स्थापना दिवस का आयोजन करेंगे। 12 अप्रैल के मध्य स्थापना दिवस कार्यक्रम में सभी कार्यकर्ताओं को कम से कम आठ घंटे का समय देना होगा।

### 13 को प्रतिमा की साफ-सफाई

भाजपा अपने स्थापना दिवस आयोजन के तहत 13 अप्रैल को डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा की साफ-सफाई करेगी। इसके साथ ही 14 अप्रैल को प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मिठाई का वितरण किया जाएगा। इस दिन ही वहीं 15 से 25 अप्रैल के मध्य जिला स्तरीय संगोष्ठी आयोजित किए जाने के निर्देश दिए गए है, जिसमें डॉ. भीमराव अंबेडकर को कांग्रेस द्वारा उनके जीवन के विभिन्न पड़ाव पर किस तरह अपमानित किया गया एवं भाजपा द्वारा उन्हें जो सम्मान दिया गया उस पर चर्चा की जाएगी।

### सफाई अभियान चलाया जाएगा

स्थापना दिवस कार्यक्रम के तहत सभी कार्यवार्ता को कम से कम आठ घंटे देने के निर्देश दिए गए है। इसमें मंदिर, अस्पताल, स्कूल, कॉलेज, गलियों के साथ ही अन्य सर्वजनिक स्थलों में स्वच्छता अभियान के तहत सफाई की जाएगी। आंगनबाड़ी, स्कूल, पशु चिकित्सालय और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र व पंचायत कार्यालयों में भी सफाई की जाएगी। आयोजन के तहत ही केंद्र एवं प्रदेश सरकार की योजनाओं के कम से कम दस लाभार्थियों से भेंट मुलाकात की जाएगी। इसके अलावा विभिन्न समुदाय के नेताओं के घर जाना, मीसा बंदियो व कार सेवकों से मुलाकात करने के साथ ही बूथ समितियों की बैठक आयोजन करने के निर्देश दिए गए है।

# नाबालिग का अपहरण व दुष्कर्म का आरोपी न्यायिक रिमांड पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा



नाबालिक को बहला फुसलाकर ले जाने की शिकायत पुलिस को 4 अप्रैल को मिली। नाबालिक 31 मार्च से घर से गायब थी, परिजनों ने रिश्तेदारों और आसपास पतासाजी किया। नाबालिक के नहीं मिलने पर परिजनों ने पुलिस को घटना की जानकारी दिया। चारामा पुलिस ने 24 घंटे के अंदर नाबालिग और आरोपी को अपने कब्जे में लेकर पूछताछ किया। आरोपी ने अपराध स्वीकार किया, जिसके खिलाफ मामला दर्ज कर न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया।

मामला नाबालिग बालिका संबंधी होने एवं प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई. कल्याण ऐलेसिला के निर्देशन पर चारामा थाना प्रभारी ने टीम का गठन करके पीडित अपहता एवं आरोपी का पता तलाश किया गया। अपहता का ग्राम बोरसी में होना पता चलने पर पुलिस टीम रवाना किया गया और बोरसी में पीडित अपहता एवं आरोपी का पता तलाश कर अपहता को हिरेन्द्र देवांगन पिता स्व. नंद कुमार देवागन निवासी बोरसी बजरंग चौक के कब्जे से 4 अप्रैल को बरामद कर दस्तायाब किया गया। अपहता पीडिता से पूछताछ करने पर उसने पुलिस को सभी जानकारी दिया, जो उसके साथ घटित हुआ। पुलिस ने पूछताछ परिजनों और आरोपी की उपस्थिति में किया।

पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रकरण में धारा 87, 64(1) (ड) बीएनएस 4, 6 पॉक्सों एक्ट जोड़ा गया। आरोपी हिरेन्द्र देवागन स्व नंदकुमार देवागन से पूछताछ करने पर अपराध घटित करना स्वीकार करने पर 5 अप्रैल को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है और न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया। आरोपी को गिरफ्तार करने में उप निरीक्षक प्रेमनाथ बघेल, सउनि कलावती थापा, ज्योति मिश्रा, अनिता जुरी, जितेन्द्र नाग का योगदान रहा।

# भाजपा स्थापना दिवस पर कार्यक्रम आज से, कोरर मंडल ने बनाई रूपरेखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोरर



भाजपा मंडल कोरर में 6 अप्रैल से लेकर 14 अप्रैल तक भाजपा का स्थापना दिवस मनाया जाएगा] जिसकी संपूर्ण तैयारी एवं व्यवस्था के लिए मंडल अध्यक्ष पीयूष कश्यप की अध्यक्षता में 4 अप्रैल को बैठक हुई।

मंडल अध्यक्ष ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी भारत का एक राजनीतिक दल है, और भारत के दो प्रमुख राजनीतिक दलों में से एक है। भाजपा दक्षिणपंथी राजनीति से जुड़ी हुई है और इसकी नीतियों ने ऐतिहासिक रूप से एक पारंपरिक हिंदू राष्ट्रवादी विचारधारा को प्रतिबिंबित किया है। इसके राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के साथ घनिष्ठ वैचारिक और संगठनात्मक संबंध हैं। भाजपा के दावे के अनुसार 17 करोड़ से अधिक सदस्यों के साथ यह विश्व का सबसे बड़ा राजनैतिक दल है। भारतीय जनाता पार्टी का निर्माण आधिकारिक रूप से 1980 में हुआ और इसके बाद प्रथम आम चुनाव 1984 में हुए, जिसमें भाजपा केवल दो लोकसभा सीटे जीत सकी थी। इसके बाद 1996 के चुनावों तक आते-आते पार्टी पहली बार लोकसभा में सबसे बड़े दल के रूप में उभरी । बैठक उपरांत भारतीय जनता पार्टी मंडल कोरर के 6 शक्ति केंद्रों में सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम की दृष्टिकोण से प्रभारी एवं सह प्रभारी नियुक्त किए गए और शक्ति केंद्र अंतर्गत सभी बूथों में कार्यक्रम को मनाने रूपरेखा तैयार की गई।

बैठक में भाजपा मंडल उपाध्यक्ष उत्तम सिंह , भाजपा मंडल मंत्री भारती कोर्राम, दशरथ यादव, नरेंद्र शर्मा, कुलेश्वर नेताम, योगेश कोमरा, ईश्वर यदु , रोहित साहू , सगनू राम उइके, सूरज लाल हूर्रा, संतोषी ठाकुर, मिथलेश्वरी सोरी,चैन सिंह जैन, अग्रहित साहू, नंदकुमार मरकाम, मनीष सिंह चौहान, हेतराम साहू, द्वारिका प्रसाद यादु, दिलीप चुर्गिया, पुनेश चक्रधारी, भागीरथी जूर्री , कन्हैया साहू, वाकेश कुमार, नितेश कुमार देवांगन, सहित भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का संचालन भाजपा महामंत्री जय शिवाना ने किया ।

# युवक से की मारपीट व दी जान से मारने की धमकी, रिपोर्ट दर्ज

**कांकेर।** दुर्गूकोंदल थानांतर्गत कोदापाखा का मेला घूमने गए युवक के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दिया। युवक की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया।



दुर्गूकोंदल थाना में शिकायत करने पहुंचे सुखई निवासी 29 वर्षीय शैलेन्द्र कुमार दुग्गा पिता स्व. रायसिंग दुग्गा ने पुलिस को बताया कि मैं 1 अप्रैल को कोदापाखा का मेला घूमने गया था। कोदापाखा के बृजलाल ध्रुव के दुकान पास बैठा था और शाम करीबन 6 बजे मेरे जान पहचान के खूटगांव निवासी कमल किशोर मरकाम मेरे पास आकर बोले कि कैसे भाटो, मैने कमल किशोर मरकाम को बोला कि आपका व्यवहार अच्छा नहीं है, आप घर चले जाओ। इतना कहने पर आरोपी कमल किशोर ने गाली देना शुरू कर दिया। तुम लोग नक्सली होकर मुझे जान से मारने की धमकी दिया। उसी समय मेरे चाचा का लड़का विषकांत दुग्गा वहीं पास आकर कमल किशोर मरकाम को समझा रहा था, उसने मेरे चाचा के लड़के का 6 हजार रूपएं के मोबाईल फोन को तोड़ दिया। उसके बाद 2 अप्रैल को सुबह 9 बजें मेरी चाची फुलकुमारी दुग्गा फोनकर बताया कि कमल किशोर मरकाम घर आकर हम लोगो को गाली दे रहा है। मै तत्काल सुखई निवासी फुलकुमारी दुग्गा के घर पहुंचा। आरोपी को गाली देने से मना किया तो वह और भी ज्यादा आक्रोश में आ गया व हम दोनो को जान से मारने की धमकी देते हुए अपने हाथ में रखे डण्डा व राड से फुलकुमारी को मारने हाथ उठाया। मेरी चाची ने कमल किशोर के कमर पीछे रखे राड को निकाल लिया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 296, 324, 351 (3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

# परीक्षा प्रबंधन में अनियमितता पर एबीवीपी ने उठाई आवाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



परीक्षा प्रबंधन एवं व्यवस्था में अनियमितता के सुधार के लिए एबीवीपी ने भानुप्रतापदेव महाविद्यालय पीजी कॉलेज में आवाज उठाते हुए प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा है। महाविद्यालय में आंतरिक मूल्यांकन की परीक्षा की समय सारणी परीक्षा के परीक्षा के एक दिवस पूर्व भेजी जाती है, जिससे विद्यार्थियों को तैयारी करने का समय नही मिल पाता एवं आंतरिक मूल्यांकन की परीक्षा का जो समय, समय सारणी में लिखा होता है, परीक्षा उस समय पर प्रारम्भ नही होती है एवं कक्षाओं में पंखे नहीं चल रहे, जिससे विद्यार्थियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

कांकेर जिले का सबसे बड़ा महाविद्यालय भानुप्रतावदेव महाविद्यालय है, जहाँ गाँव-गाँव से विद्यार्थी अच्छी शिक्षा के लिए आते है, उनमें से बड़ी संख्या में ऐसे विद्यार्थी है, जो गरीबी रेखा के नीचे आते है और अपने भविष्य को संवारने के लिए संघर्ष कर रहे है, जिन्हें महाविद्यालय में असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है। अभाविप ने ज्ञान सौपते हुए माँग किया है, जिसमें आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा की समय सारणी सप्ताह पूर्व बताई जाए एवं परीक्षा सूचित किए गए समय पर ही प्रारम्भ हो। कुछ कक्षाओं में प्राध्यापक नियमित रूप से नहीं आते है, प्राध्यापक नियमित कक्षा ले, ताकि पाठ्यक्रम समय पर पूरा हो पाए। सभी कक्षाओं के लाईट एवं पंखे जो नही चल रहे, उनका सुधार कराया जाए। अभाविप संयोजक आदित्य मिश्रा ने बताया कि पीजी कॉलेज कांकेर समस्याओं का अंबार बन चुका है। जनभागीदारी शुल्क के नाम पर विद्यार्थियों से मनमाने वसूली की जाती है, परन्तु शुल्क में वृद्धि के साथ शिक्षा के स्तर में कोई वृद्धि नही होती है। प्राचार्य द्वारा छात्रहित में त्वरित कार्यवाही नही की जाती तो ऐसी स्थिति में अभाविप पीजी कॉलेज का घेराव करेगी ।

ज्ञापन देने में हर्ष सिन्हा, रिषिक तिवारी, प्रसन्न महोबिया, नमन मरकाम, लेखांक जैन, सारांश मरकाम, आशीष गोडबोले, सार्थक यादव, वेदांत सोनी, अनुराग तिरके, सागर जैन, स्वरित नायक एवं अन्य

# बाइक सवार की हुई मौत अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज

**कांकेर।** कोरर थानांतर्गत चिल्हाटी के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से बाईक सवार की मौत होने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया था। पुलिस ने जांच के दौरान पाया कि 15 मार्च को मृतक मोटर सायकल स्कूटी क्रमांक सीजी 17 केए 4196 को चलाते हुए ग्राम कोरर से ग्राम घोड़दा जा रहा था। ग्राम चिल्हाटी गोटापारा के पास पहुंचा था। उसी समय अज्ञात वाहन चालक द्वारा तेजगति एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुए पीछे से स्कूटी वाहन को ठोकर मारकर एक्सीडेंट करने से सिर में गंभीर चोट आया। घायल को ईलाज के लिए अस्पातल में भर्ती किया गया। चिकित्सकों ने घायल के बचने की उम्मीद नही होने कहने पर परिजनो ने देशी ईलाज के लिए घर वापस लाते समय चारामा के पास मौत हो गया। मृतक चंद्रशेखर मंडावी के सिर में गंभीर चोट लगने मौत होने पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ धारा 106 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया।



# हल्की बारिश में ही नाली का कचरा सड़क पर फैला, वार्डवासियों को हो रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा



चारामा के वार्ड क्रमांक 9 में डॉ. भीमराव अंबेडकर रोड पर बनी नई नाली की हालत कुछ ही समय में खराब हो गई है। हाल ही में हुए अचानक बारिश के दौरान नाली में जमा कचरा बाहर आ गया, जिससे सड़क पर गंदगी फैल गई और लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। वार्ड के स्थानीय निवासियों के अनुसार इस समस्या का मुख्य कारण है कि नाली के किनारे लोगों द्वारा निजी संपत्तियों का निर्माण करना। कई लोगों ने नाली के किनारे दीवारें खड़ी कर दी हैं, जिससे पानी का बहाव बाधित हो रहा है, जिसके कारण जब तेज बारिश होती है तो नाली ओवरफ्लो होकर कचरा और गंदा पानी सीधे सड़क पर आ जाता है। स्थानीय लोगों ने बताया कि उन्होंने इस समस्या की जानकारी कई बार जनप्रतिनिधियों और नगर पंचायत को दी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। जनप्रतिनिधि भी इस मुद्दे पर चुप्पी साधे हुए हैं, जिससे लोगों में नाराजगी है। नगरवासियों ने कहा की जल्द से जल्द इस नाली की उचित सफाई और मरम्मत की जाए और साथ ही अवैध निर्माणों पर कार्रवाई कर रास्ता साफ किया जाए, ताकि आगामी बारिश में इस तरह की स्थिति दोबारा न बने।

## पंचायत प्रतिनिधियों का आज होगा सम्मान समारोह आज

**दुर्गुकोंदल।** सर्व आदिवासी समाज दुर्गुकोंदल की तत्वाधान में त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 के निर्वाचित सरपंच, जनपद सदस्य एवं जिला पंचायत सदस्यों का सम्मान समारोह का कार्यक्रम आज 6 अप्रैल को दोपहर साढ़े 12 बजे से 5 बजे तक दुर्गुकोंदल के सामुदायिक भवन में आयोजित की गई है। कार्यक्रम के विशेष अतिथि लीला प्रसाद कुलदीप, राधेश्याम चक्रधारी, अक्षतराम निषाद, कोदूराम साधिया, जागेश्वर जैन, सोनाराम पटेल, बोधन साहू, मेहतरू यादव, कार्तिक विश्वकर्मा व नंदकिशोर नेताम के उपस्थिति में आयोजन किया जाएगा।

# भानुप्रतापपुर में रामनवमी पर आज निकाली जाएगी भव्य शोभायात्रा, तैयारी हुई पूरी

**भानुप्रतापपुर।** हिंदू नव वर्ष आयोजन समिति के द्वारा रामनवमी शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग लेते हैं। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी काफी आकर्षक और प्रभावशाली शोभायात्रा निकाली जाएगी। भानुप्रतापपुर में इस बार रामनवमी पर्व को लेकर खास तैयारियां की गई हैं हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी रामनवमी के शुभ अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकाली जा रही है। इस बार खास बात यह है कि विशेष प्रकार की झांकी व लैसर युक्त श्रीरामजी की तस्वीर व इलेक्ट्रॉनिक फटाका ,मांदरी नृत्य, वानर सेना विशेष प्रकार की आतिशबाजी को शोभायात्रा में शामिल किया जाएगा जो नगर के लोगों के लिए खास आकर्षक का केंद्र होगा। नगर में लगभग 2 किलोमीटर के दायरे में रहेगी जो काफी आकर्षित और सुंदर होगी। कड़ी सुरक्षा के बीच शांति पूर्वक इस बार भी शोभायात्रा निकाली जाएगी और यह शोभा यात्रा नगर के श्री राम जानकी हनुमान मंदिर से शाम 4 बजे निकाली जाएगी जो गुरूद्वारा, बसस्टैंड होते हुए परशुराम चौक तक जाएगी और पुनः राम मंदिर में पहुंच कर महारती के पश्चात समापन होगी। भक्तों के लिए शर्बत, छाच, पानी, हलुवा फल इत्यादि चीजो का स्टाल राम भक्तों के द्वारा अलग अलग स्थान पर लगाया जाएगा। इस भव्य शोभायात्रा में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने के लिए हिन्दू नववर्ष आयोजन समिति व राष्ट्रीय सुरक्षा मंच ने नगरवासियो से आग्रह किया है।

### घोठा में दो दिवसीय आनंद मेला 11 से

**भानुप्रतापपुर।** प्रति वर्ष कि भांति इस वर्ष भी ग्राम घोठा मे दो दिवसीय वार्षिक आनंद मेला 11 और 12 अप्रैल को रखा गया है। ग्राम पटेल सामसाय कोमरा, गायता अर्जुन कोमरा, पूर्व सरपंच रामप्रसाद, सरपंच विद्यावती कवाड़े, उप सरपंच दिलेश्वर जैन ने बताया की रात्रि में छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी मोर मयारू छेडिया कुरूद जिला धमतरी का कार्यक्रम रखा गया है। मेला में आसपास के गांव कुल्हाडकटटा, मोहगांव, रानवाही, केंवटी के ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल होंगे। मेला की तैयारी में गांव के ग्रामीण सुरेश पदद्दा, नागेश कोमरा, टिकेश कावडे, रामधर पटेल, बिरेंद्र दर्रो, शेर सिंह नेताम सहित ग्रामीण जुड़े हुए हैं।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, केमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

# गुरु के सानिध्य में ही मनुष्य को मिलता है आध्यात्मिक ज्ञान मार्गदर्शन : आरती दीदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर



सुभाषपारा में आठ दिवसीय श्रीमद देवी भागवत कथा के छठवें दिवस तुलसी विवाह, मणि दीप दर्शन, अनन्त रूपो के पूरे विश्व में कल्याण की कथा एवं सातवें दिवस चराचर जगत के उत्पत्ति की महिमा की कथा, अष्टमी हवन पूर्णाहूति के साथ किया गया।

प्रवचनकर्ता बाल विदुषी शुभ आरती दीदी ने श्रीमद देवी भागवत कथा की महिमा बताते हुए कहा कि हिन्दू सनातन धर्म के अठारह महापुराणों में से एक है, जो देवी की शक्ति और महिमा का वर्णन करती है। जीवन मे गुरु का होना आवश्यक माना गया है, गुरु के सानिध्य में ही मनुष्य को आध्यात्मिक ज्ञान और मार्गदर्शन मिलता है। गुरु बिना ज्ञान संभव नही है। जीवन कल्याण के लिए भी गुरु ही मार्ग प्रशस्त करता है। गुरु के प्रति निष्ठा व समपर्ण जरूरी है। भगवान श्रीरामचन्द्र व भगवान शंकर एक दूसरे के गुरु सेवक व दास है। गुरु के प्रति ऐसे समपर्ण होने चाहिए। मानव को हमेशा सत्य के मार्ग पर चलना चाहिए।

पूजा अर्चना के वैदिक एवं तांत्रिक दो विधि बताए गए है। देवी भागवत के महत्व यदि कोई भक्त समय भाव के चलते कथा स्थल तक अंतिम दिवस भी कथा श्रवण करने से पूरा फल प्राप्त होता है। नवरात्र उपवास न रहते हुए भी माता का सुमिरन से लाभ मिलता है। विंध्याचल पर्वत को माता का श्रेष्ठ स्थान माना जाता है। बेहतर भविष्य व सनातन धर्म के लिए अपने बच्चों को अच्छे शिक्षा के साथ संस्कार भी देना आवश्यक है। वैराग्य जीवन को भी श्रेष्ठ बताया गया है। वैराग्य का मतलब है सांसारिक चीजों से विरक्ति या उदासीनता, यह एक आध्यात्मिक अनुशासन है जिसमें इंद्रियों की वासनाओं से मुक्ति पाने के लिए स्वैच्छिक तपस्या शामिल है। भक्ति व ईश्वर प्राप्ति का मार्ग माना गया है।

### ये रहे शामिल

श्रीमद देवी भागवत अमृत कथा के भागीरथी प्रयास करने वाले सहयोगी भक्तजन खेवेन्द्र सिह ठाकुर, कैलाश शर्मा, रमेश शर्मा, राजेश जैन, विनोद जयसवाल, महेश जैन, तातू राम यादव, सुरोजित विश्वास, प्रकाश ठाकुर, प्रदीप दास, ललिता जैन, रीता जयसवाल, नीता जायसवाल, कौशल शांडिल्य, केसर शर्मा, लता जैन, केसर यादव,ममता मिश्रा, छाया सरकार, कमला कोर्राम, रेखा टांडिया, कमला सिह, एन रंजीता, रीता सिह, अन्नपूर्णा ठाकुर, निर्मला यादव, सुशीला नायक शामिल रहे।

online Booking:-www.tripuryatra.com




23 मई, 06 जून, 25 जुलाइ,14 अगस्त, 11 सितम्बर, 03 अक्टूबर 2025 (8 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार), पशुपतिनाथ ,जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान), सीतामढ़ी, बनारस (काशी विश्वनाथ मंदिर)
राशि:-स्लीपर 9,500/- , 3 एसी 16,500/-, 2 एसी 22,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411